# अध्याय 13

# वाक्यांश के लिए एक शब्द

हिन्दी में एक वाक्य, वाक्यांश अथवा अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के प्रयोग की परम्परा संस्कृत से आई है। हिन्दी में ऐसे शब्दों का प्रयोग रूढ़ तौर पर होता है। वैसे हिन्दी में 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' का प्रयोग संस्कृत की अपेक्षा कम होता है। वस्तुत: कम-से-कम शब्दों में अधिक-से-अधिक विचारों की अभिव्यक्ति के लिए 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' का प्रयोग उपयोगी होता है। ऐसे शब्दों को 'अनेक शब्दों के बदले एक शब्द' भी कहते हैं।

प्रतियोगिता परीक्षाओं में हिन्दी भाषा के प्रश्न-पत्र में 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' वाले प्रश्न अवश्य पूछे जाते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि ऐसे प्रश्नों का अध्ययन गम्भीरता से किया जाए। यहाँ 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' के कुछ परीक्षोपयोगी उदाहरण दिए जा रहे हैं.

## महत्त्वपूर्ण वाक्यांशों के लिए एक शब्द

| वाक्यांश | एक शब्द | वाक्यांश | एक शब्द |
|---|---|---|---|
| ▪ जिसका आदि न हो | अनादि | ▪ दोपहर के बाद का समय | अपराह्न |
| ▪ जिसका अन्त न हो | अनन्त | ▪ अधिक बढ़ा-चढ़ा कर कहना | अतिशयोक्ति |
| ▪ जिसके आने की तिथि निश्चित न हो | अतिथि | ▪ जो कुछ नहीं जानता हो | अज्ञ |
| ▪ जिसे जीता न जा सके | अजेय | ▪ जिसमें कुछ करने की क्षमता न हो | अक्षम |
| ▪ जिसके समान कोई दूसरा न हो | अद्वितीय | ▪ जिसकी उपमा न हो | अनुपम |
| ▪ जो पहले कभी नहीं हुआ | अभूतपूर्व | ▪ जिसका निवारण न हो सकता हो | अनिवारणीय |
| ▪ जिसके टुकड़े न हो सकें | अखण्ड | ▪ जिसकी अपेक्षा न हो | अनपेक्षित |
| ▪ जो गाए जाने योग्य न हो | अगेय | ▪ छोटा भाई | अनुज |
| ▪ जिसकी गहराई का पता न हो | अथाह | ▪ जो वाणी द्वारा व्यक्त न किया जा सके | अनिर्वचनीय |
| ▪ जो बीत चुका है | अतीत | ▪ अपनी प्रशंसा करने वाला | आत्मश्लाघी |
| ▪ जो सदा से चला आ रहा है | अनवरत | ▪ ईश्वर में विश्वास रखने वाला | आस्तिक |
| ▪ जिसकी कल्पना न की जा सके | अकल्पनीय | ▪ आदि से अन्त तक | आद्योपान्त, आद्यंत |
| ▪ कम खाने वाला | अल्पाहारी | ▪ एक ही आदमी का अधिकार | एकाधिकार |
| ▪ जिसका जन्म न हो सके | अजन्मा | ▪ जहाँ कोई दूसरा न हो | एकान्त |
| ▪ जिसकी तुलना न की जा सके | अतुलनीय | ▪ जो अपनी इच्छा पर निर्भर हो | ऐच्छिक |
| ▪ जो कानून के विरुद्ध हो | अवैध | ▪ कार्य करने वाला व्यक्ति | कार्यकर्ता |
| ▪ बड़ा भाई | अग्रज | ▪ क्रम के अनुसार | क्रमानुसार |
| ▪ जहाँ जाना सम्भव न हो | अगम | ▪ आलोचना करने वाला | आलोचक |
| ▪ जिसे कभी बुढ़ापा न आए | अजर | ▪ जिसकी आयु लम्बी हो | दीर्घायु |
| ▪ जो आँखों के सामने न हो | अप्रत्यक्ष | ▪ जो बहुत बोलता हो | वाचाल |
| ▪ जो कभी मरता न हो | अमर | ▪ जो स्वयं पैदा हुआ हो | स्वयंभू |
| ▪ अवसर के अनुसार बदल जाने वाला | अवसरवादी | ▪ जो किसी के पक्ष में न हो | तटस्थ |
| ▪ जिसमें चेतना न हो | अचेतन | ▪ जिसके हाथ में वज्र हो | वज्रपाणि |
| ▪ जो कभी मरता नहीं | अमर्त्य | ▪ जिसकी आत्मा महान् हो | महात्मा |
| ▪ जो आगे की न सोचता हो | अदूरदर्शी | ▪ जिसका रूप अच्छा न हो | कुरूप |
| ▪ मन में होने वाला ज्ञान | अन्तर्ज्ञान | ▪ तीनों लोकों का स्वामी | त्रिलोकी |
| ▪ धरती और आकाश के बीच का स्थान | अन्तरिक्ष | ▪ जो अभी पैदा हुआ हो | नवजात |
| ▪ वध करने के योग्य | वध्य | ▪ जंगल में लगने वाली आग | दावाग्नि (दावानल) |
| ▪ दूसरे के पीछे चलने वाला | अनुयायी | ▪ जो जन्म से अन्धा हो | जन्मान्ध |
| ▪ जिसे स्पर्श करना वर्जित हो | अस्पृश्य | ▪ जो क्षमा करने योग्य हो | क्षम्य |
| ▪ जिसका कोई शत्रु न हो | अजातशत्रु | ▪ जिस पुरुष की पत्नी की मृत्यु हो गई हो | विधुर |
| ▪ जिसका मूल्य आँका न जा सके | अमूल्य | ▪ जिसका आचरण अच्छा हो | सदाचार |
| ▪ जो इस संसार से बाहर की वस्तु हो | अलौकिक | ▪ जो उच्च कुल में पैदा हुआ हो | कुलीन |
| ▪ जिसके पास कुछ न हो | अकिंचन | ▪ जिस पर उपकार किया गया हो | उपकृत |
| ▪ जो कानून के प्रतिकूल हो | अवैध | ▪ जो धर्म का काम करे | धर्मात्मा |

# अभ्यास के लिए प्रश्न

**1.** 'जिसके समान कोई दूसरा न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) शक्तिशाली (b) प्रतिभाशाली
(c) अद्वितीय (d) पराक्रमी

**2.** 'आवश्यकता से अधिक धन का त्याग' कहलाता है
(a) अपरिगृहण (b) अपरिग्रह
(c) इन्द्रियनिग्रह (d) परिग्रह

**3.** 'जिसके पास कुछ भी न हो' उसे कहेंगे
(a) गरीब (b) दरिद्र
(c) अकिंचन (d) विनीत

**4.** 'जिसका ज्ञान इन्द्रियों द्वारा न हो' उसे कहेंगे
(a) इन्द्रियरहित (b) मतिहीन
(c) इन्द्रीमय (d) अगोचर

**5.** 'जिसे जीता न जा सकता हो' उसे कहेंगे
(a) अभय (b) अजेय
(c) विजय (d) इनमें से कोई नहीं

**6.** 'सबसे प्रथम गिना जाने वाला' कहलाता है
(a) प्रथम (b) अग्रज
(c) आरम्भ (d) अग्रगण्य

**7.** 'वह कवि जो तत्काल कविता करने में कुशल हो'
(a) सुकवि (b) महाकवि
(c) आशुकवि (d) राजकवि

**8.** 'आरम्भ से अन्त तक' के लिए एक शब्द क्या होगा?
(a) आरम्भिक (b) आद्योपन्त
(c) आद्योपान्त (d) सम्पूर्ण

**9.** 'जिसे मापा न जा सकता हो', कहलाता है
(a) अमापित (b) अपर
(c) अनुपेय (d) अपरिमेय

**10.** 'परम्परागत उक्ति' को कहते हैं
(a) अनुश्रुति (b) सूक्ति
(c) विरक्ति (d) इनमें से कोई नहीं

**11.** 'जो स्त्री सूर्य भी नहीं देख पाती', उसे कहेंगे
(a) असूर्यपश्या (b) अनूढ़ा
(c) सूर्यपुत्री (d) असूर्ययश्मा

**12.** 'जिसका कोई शत्रु पैदा ही न हुआ हो', के लिए एक शब्द है
(a) स्कन्दगुप्त (b) अजातशत्रु
(c) अजानबाहु (d) अजेय

**13.** 'धन को व्यर्थ ही खर्च करने वाला' होता है
(a) व्ययी (b) धनिक
(c) मितव्ययी (d) अपव्ययी

**14.** जिसके हस्ताक्षर नीचे अंकित हों, को कहते हैं
(a) अधोहस्ताक्षर (b) हस्ताक्षरित
(c) अधोहस्ताक्षरकर्ता (d) अनुमोदन

**15.** 'बरसात बिलकुल न होना', कहलाता है
(a) अनवृष्टि (b) अल्पवृष्टि
(c) अनासृष्टि (d) अनावृष्टि

**16.** 'सरकार के प्रयास से जारी होने वाली सूचना' कहलाती है
(a) संसूचना (b) अध्यादेश
(c) राज्यादेश (d) अधिसूचना

**17.** 'जो किसी के प्रति आसक्त हो' कहलाएगा
(a) आसक्ति (b) आस्थावान
(c) अनुरक्त (d) विरक्त

**18.** 'बहुत दान देने वाले' को कहेंगे
(a) दानी (b) औढरदानी
(c) दीनदयाल (d) दानवीर

**19.** 'जो शीघ्र प्रसन्न हो जाए', उसे कहेंगे
(a) प्रसन्नचित्त (b) प्रसून
(c) प्रसन्ना (d) आशुतोष

**20.** 'जिसकी भुजाएँ घुटनों तक लम्बी हों' उसे कहते हैं
(a) अजानबाहु (b) आजानुबाहु
(c) समबाहु (d) विषमबाहु

**21.** 'आघ्रेय' का अर्थ होता है
(a) सुगन्धित पदार्थ (b) सुगन्धहीन पदार्थ
(c) जिसे सूँघा न जा सके
(d) जिसे सूँघा जा सके

**22.** 'जिसकी इच्छा की गई हो', वह कहलाता है
(a) इच्छित (b) ईप्सित
(c) आकांक्षा (d) महत्त्वाकांक्षा

**23.** 'जो इन्द्र पर विजय प्राप्त कर चुका हो' कहलाएगा
(a) इन्द्रजेय (b) इन्दु
(c) जितेन्द्रिय (d) इन्द्रजीत

**24.** 'घटनाओं का कालक्रम से किया गया वर्णन' कहलाता है
(a) इतिवृत (b) कहानी
(c) संस्मरण (d) नाटक

**25.** 'जो दो में निष्ठा रखता हो', उसे कहते हैं
(a) निष्ठावान (b) निर्जरा
(c) निर्लिप्त (d) उभयनिष्ठ

**26.** 'इन्द्रियों को भ्रमित करने वाला' कहलाता है
(a) ऐन्द्रिक (b) ऐन्द्रजालिक
(c) इन्द्रिलोलुप (d) इनमें से कोई नहीं

**27.** 'धर्मपत्नी से उत्पन्न पुत्र' को कहते हैं
(a) धर्मपुत्र (b) औरस
(c) बलशाली (d) तेजस्वी

**28.** 'काँटों से भरा हुआ' कहलाता है
(a) कण्टक (b) कण्टका
(c) गुलदस्ता (d) कण्टकाकीर्ण

**29.** 'अपने ही कुल के नाशक' को कहते हैं
(a) वंशज (b) कपूत
(c) कुलटा (d) कुलांगार

**30.** 'कुश की नोक-सी तीखी बुद्धि' को कहते हैं
(a) विद्वान् (b) कुशा
(c) कुशाग्रबुद्धि (d) मन्दबुद्धि

**31.** 'शुद्ध आत्मा' का मनुष्य कहलाता है
(a) पवित्र (b) दार्शनिक
(c) कृतात्मा (d) शुद्धोधन

**32.** 'उपकार को भूल जाने वाला' व्यक्ति होता है
(a) कृतज्ञ (b) कृतकृत्य
(c) दुष्ट (d) कृतघ्न

**33.** 'उपकार को याद रखने वाला' व्यक्ति कहलाता है
(a) कृतज्ञ (b) कृतघ्न
(c) कर्मठ (d) कृतकृत्य

**34.** 'गंगा से उत्पन्न' होने वाले को कहते हैं
(a) गांगेय (b) गंगू
(c) गंगपुत्र (d) गंगीय

**35.** 'साँयकाल गायों के चरकर लौटने का समय' कहलाता है
(a) संध्या (b) गोधूलि
(c) गोधूम (d) गोकाल

**36.** 'चक्र धारण करने वाला' होता है
(a) चक्रेश (b) चक्रधर
(c) चक्रेपु (d) चक्रक

**37.** 'जिनके चार-चार पैर होते हैं', उन्हें कहते हैं
(a) चतुष्पद (b) चौपाय
(c) चतुदर्शी (d) चौरा

**38.** 'दूसरों के दोष देखने वाला' कहलाता है
(a) आलोचक (b) निन्दक
(c) छिद्रान्वेषी (d) ईर्ष्यालु

**39.** 'जीने की इच्छा' को कहते हैं
(a) महत्त्वाकांक्षा (b) सत्आकांक्षा
(c) जिजीविषा (d) विजयकामना

**40.** 'जीतने की इच्छा रखने वाला' कहलाता है
(a) जिगीषा (b) जिगीषु
(c) उन्माद (d) आकांक्षी

**41.** 'भोजन की इच्छा रखने वाले' को कहते हैं
(a) भोजक (b) बुभुक्षु
(c) बुभुक्षा (d) जिघत्सु

**42.** 'तैरकर पार करने की इच्छा रखने वाले' को कहते हैं
(a) तितीर्षा (b) तैराक
(c) तिरेषु (d) तितीर्षु

**43.** 'दोनों भौंहों का मध्यवर्ती स्थान' कहलाता है
(a) भौंहस्थल (b) त्रिकुटी
(c) भृकुटी (d) इनमें से कोई नहीं

**44.** 'स्त्री जिसे स्वामी प्रेम न करे', कहलाती है
(a) दुर्भगा (b) स्वकीया
(c) परकीया (d) प्रेमविहीता

**45.** 'जो कठिनाई से समझ में आता है' उसे कहते हैं
(a) दुर्बोध (b) दुर्जन
(c) दुर्लंघ्य (d) दुसाध्य

**46.** 'मुश्किल से खाया जाने वाला' कहलाता है
(a) दुर्भेक्ष (b) सुर्भेक्ष
(c) कुर्भेक्ष (d) अपाच्य

**47.** 'जंगल में लगी आग' कहलाती है
(a) अग्निय (b) दावानल
(c) हावानल (d) नावानल

**48.** 'जिसके पेट पर माँ ने रस्सी बाँधी थी' उसे कहते हैं
(a) गंगाधर (b) यशोवर्मन
(c) मनु (d) दामोदर

**49.** 'वह नायक जो बहुत प्रचण्ड और चंचल हो', कहलाता है
(a) हीरो (b) धीरवीर
(c) धीरोदात्त (d) ओजस्वी

**50.** 'जिसकी कोई इच्छा (स्पृहा) न हो', कहलाता है
(a) निर्लिप्त (b) निराश
(c) निस्पृह (d) निर्बाध

**51.** 'रंगमंच पर पर्दे के पीछे का स्थान' कहलाता है
(a) नेपथ्य (b) हेपथ्य
(c) पृष्ठभाग (d) पृष्ठभूमि

**52.** 'नाटक का परदा गिरना' कहलाता है
(a) अन्त (b) विराम
(c) पटाक्षेप (d) पटाक्ष

**53.** 'पूछने के योग्य' को कहेंगे
(a) प्रष्टव्य (b) सम्प्रेषनीय
(c) प्रशंसनीय (d) अनुल्लंघनीय

**54.** 'एक बार कही बात को दोहराते रहना' के लिए एक शब्द होगा
(a) संस्मरण (b) रेखाचित्र
(c) अभ्यास (d) पिष्टपेषण

**55.** 'पीने की इच्छा रखने वाला' कहलाता है
(a) पिपास (b) पिपासो
(c) पिपासु (d) पिपोस

**56.** 'पति द्वारा परित्यक्त स्त्री' को कहेंगे
(a) परकीय (b) विरक्ता
(c) परित्यक्ता (d) विदग्धा

**57.** 'जो दोनों हाथ से तीर चलाता है', उसे कहा जाता है
(a) स्तम्भित (b) सव्यसाची
(c) स्वयंपाठी (d) स्तबक

**58.** 'प्रयोग में लाने योग्य वस्तु' कहलाती है
(a) उपर्युक्त (b) प्रायोगिक
(c) प्रयोजनीय (d) परिपूर्ण

**59.** 'प्रतिकार करने की इच्छा रखने वाले' को कहेंगे
(a) प्रतिवाद (b) प्रतिकांक्षा
(c) प्रतिचिकीर्षा (d) प्रतिवेग

**60.** 'पृथ्वी के तीन ओर पानी वाला स्थान' कहलाता है
(a) द्वीप (b) प्रायद्वीप
(c) महाद्वीप (d) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** *(प्र.सं. 61-75) नीचे दिए गए वाक्यांश के बदले एक शब्द के सही विकल्प का चयन कीजिए।*

**61.** धरती और आकाश के बीच का स्थान
(a) अन्तरिक्ष (b) वायुयान
(c) भूगर्भ (d) ब्रह्माण्ड

**62.** जिसे गिनना असम्भव हो
(a) गणित (b) गिनती
(c) अनगिनत (d) अग्रगण्य

**63.** जो नियमानुकूल न हो
(a) नियमित (b) अनियमित
(c) अनाहूत (d) अनियन्त्रित

**64.** जिसकी उपमा न की जा सके
(a) उपमेय (b) उपमान
(c) अनुपम (d) अनुपमा

**65.** जो पढ़ा न जा सके
(a) अपठनीय (b) अपठित
(c) पाठक (d) पठित

**66.** जिसमें सामर्थ्य न हो
(a) समर्थवान (b) असमर्थ
(c) सार्थक (d) असाध्य

**67.** आदि से अन्त तक
(a) आद्योपान्त (b) आदि
(c) दिगन्त (d) अन्तिम

**68.** आत्मा तथा ईश्वर से सम्बन्धित
(a) आध्यात्मिक (b) आधुनिक
(c) भौतिक (d) भौतिकता

**69.** इन्द्रियों से सम्बन्धित
(a) इन्द्राणी (b) ऐन्द्रिक
(c) इन्द्री (d) इन्द्रनील

**70.** जो कहा गया है
(a) कथ्य (b) कथित
(c) वक्तव्य (d) वक्ता

## विगत वर्षों के प्रश्न

**निर्देश** (प्र.सं. 71-82) *दिए गए प्रत्येक वाक्यांश के लिए शब्द दीजिए। इसके लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**71.** जिसको प्राप्त न किया जा सके **[SSC कांस्टेबल, 2015]**
(a) दुष्कर (b) दुर्लभ्य
(c) अलभ्य (d) दुष्प्राप्य

**72.** मन को आनन्दित करने वाला **[SSC कांस्टेबल, 2015]**
(a) मोहित (b) प्रिय
(c) श्रेयस (d) मनोरंजक

**73.** समुद्र में लगने वाली आग **[SSC कांस्टेबल, 2015]**
(a) जठराग्नि (b) दावाग्नि
(c) बड़वाग्नि (d) वनाग्नि

**74.** जो संविधान के प्रतिकूल हो **[SSC कांस्टेबल, 2013]**
(a) सैद्धान्तिक (b) असंवैधानिक
(c) अवैधानिक (d) वैधानिक

**75.** जो कठिनाई से भेदा या तोड़ा जा सके **[SSC कांस्टेबल, 2013]**
(a) दुर्भेद्य (b) अभेद्य
(c) भेदनीय (d) भेद्य

**76.** आदि से अन्त तक **[SSC कांस्टेबल, 2013]**
(a) आद्यंत (b) उपरान्त
(c) अधोपंत (d) समाप्त

**77.** तेज चलने वाला **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) गतिशील (b) चुस्त
(c) कर्मठ (d) द्रुतगामी

**78.** बिना स्वार्थ के कार्य करने वाला **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) सहायक (b) निस्वार्थी
(c) पुण्यात्मा (d) हितैषी

**79.** किसी की सहायता करने वाला **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) सहकार (b) सहायक
(c) सहृदय (d) सहचर

**80.** जिसका निवारण करना कठिन हो **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) अनिवार्य (b) अपरिहार्य
(c) दुर्निवार (d) अवश्यम्भावी

**81.** आशा जगाने वाला **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) आशाजनक (b) आशातीत
(c) आशानुगत (d) आशीष

**82.** जो सबके लिए हो **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) सार्वजनिक (b) सार्वभौमिक
(c) सार्वकालिक (d) सार्वदेशिक

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (b) | 3. | (c) | 4. | (d) | 5. | (b) | 6. | (d) | 7. | (c) | 8. | (c) | 9. | (d) | 10. | (a) |
| 11. | (a) | 12. | (b) | 13. | (d) | 14. | (c) | 15. | (d) | 16. | (d) | 17. | (c) | 18. | (b) | 19. | (d) | 20. | (b) |
| 21. | (d) | 22. | (b) | 23. | (d) | 24. | (a) | 25. | (d) | 26. | (b) | 27. | (b) | 28. | (d) | 29. | (d) | 30. | (c) |
| 31. | (d) | 32. | (d) | 33. | (a) | 34. | (a) | 35. | (b) | 36. | (b) | 37. | (a) | 38. | (c) | 39. | (c) | 40. | (b) |
| 41. | (d) | 42. | (d) | 43. | (b) | 44. | (a) | 45. | (a) | 46. | (a) | 47. | (b) | 48. | (d) | 49. | (c) | 50. | (c) |
| 51. | (a) | 52. | (c) | 53. | (a) | 54. | (a) | 55. | (c) | 56. | (c) | 57. | (b) | 58. | (c) | 59. | (c) | 60. | (b) |
| 61. | (a) | 62. | (c) | 63. | (b) | 64. | (c) | 65. | (a) | 66. | (b) | 67. | (a) | 68. | (a) | 69. | (b) | 70. | (b) |
| 71. | (d) | 72. | (d) | 73. | (c) | 74. | (b) | 75. | (a) | 76. | (a) | 77. | (d) | 78. | (b) | 79. | (b) | 80. | (a) |
| 81. | (a) | 82. | (a) | | | | | | | | | | | | | | | | |